## महत्वपूर्ण एवं खास

### मतदान एवं मतगणना कार्य में लगे अधिकारी एवं कर्मचारियों के प्रवेश परिचय पत्र जारी करने हेतु डिप्टी कलेक्टर अभिलाषा पैंकरा नियुक्त

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2019 के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायगढ़ के लिए 21 दिसम्बर को मतदान एवं 24 दिसम्बर 2019 को मतगणना हेतु निर्वाचन लडने् वाले निर्वाचक अभिकर्ता, गणना अभिकर्ताओं एवं मतदान व मतगणना कार्यों में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को प्रवेश/परिचय पत्र जारी करने हेतु डिप्टी कलेक्टर सुश्री अभिलाभाष पैंकरा को नियुक्त किया गया है तथा उनके सहयोग हेतु शिव कुमार पटेल प्रभारी अधीक्षक एवं मनहर गुप्ता राजस्व निरीक्षक भू-अभिलेख रायगढ़ को सहयोगी नियुक्त किया गया है।

### मतदान प्रतिशत की जानकारी आयोग को प्रेषित करने हेतु जिला योजना एवं सांख्यिकीय अधिकारी एस.कुजूर की लगी ड्यूटी

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी यशवंत कुमार ने नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2019 हेतु मतदान दलों के रवानगी, सकुशल पहुंचने एवं दलों की वापसी की जानकारी तथा 21 दिसम्बर को समय 9 बजे से दोपहर 12 बजे, अपरान्ह 3 बजे एवं मतदान समाप्ति उपरांत मतदान की प्रतिशत की जानकारी जिले के रिटर्निंग आफिसरों से प्राप्त कर निर्धारित प्रपत्र में तैयार करते हुए आयोग को प्रेषित किए जाने हेतु 20 दिसम्बर एवं 21 दिसम्बर को जिला योजना एवं सांख्यिकीय अधिकारी रायगढ़ के सहायक संचालक एस.कुजूर को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है तथा उनके सहयोग हेतु सहायक सांख्यिकी अधिकारी रायगढ़ के जे.एस.चौहान को सहायक प्रभारी नियुक्त किया है।

### घरघोड़ा नगरीय निकाय में व्यय परीक्षण में अनुपस्थित 6 अभ्यर्थियों को नोटिस जारी

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** आज दिनाँक 17 दिसम्बर को नगर पंचायत घरघोडा में 15 वार्ड के 46 अभ्यर्थियों में से 40 अभ्यर्थियों का निर्वाचन व्यय लेखा संपरीक्षण किया गया। वार्ड क्रमांक 02 से अंजली मोटवानी काँग्रेस, वार्ड क्रमांक 05 से कौशिल्या मेहर निर्दलीय, वार्ड क्रमांक 06 से उस्मान बेग कांग्रेस, वार्ड क्रमांक 08 से चिरंजीव यादव कांग्रेस, वार्ड क्रमांक 11 से एसिल्लू भैया एवं वार्ड क्रमांक 12 से महेश पैंकरा निर्दलीय अभ्यर्थी व्यय लेखा परीक्षण हेतु उपस्थित नही हुए। फलस्वरुप उक्त 06 अभ्यर्थी को दो दिवस के भीतर सत्यापन कराने हेतु रिटर्निंग आफिसर द्वारा नोटिस जारी किया गया है। व्यय लेखा संपरीक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षक मोहम्मद यूनुस खान उपस्थित थे। व्यय लेखा संपरीक्षण का कार्य चंद्रपाल सिंह ठाकुर, उप कोषालय अधिकारी घरघोडा एवं एस.एल.साहू लेखापाल द्वारा किया गया।

### मतगणना कार्य हेतु सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी यशवंत कुमार ने नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2019 के अंतर्गत नगर पालिका निगम, रायगढ़ की मतगणना कार्य में रिटर्निंग ऑफिसर की सहायता हेतु सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किया है। नियुक्त किए गए सहायक रिटर्निंग आफिसर में टेबल क्रमांक 1 से 6 तक के लिए अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार, टेबल क्रमांक 7 से 12 तक के लिए आयुक्त नगर पालिक निगम राजेन्द्र गुप्ता, टेबल क्रमांक 13 से 18 तक के लिए डिप्टी कलेक्टर युगल किशोर उर्वशा, टेबल क्रमांक 19 से 24 तक के लिए डिप्टी कलेक्टर श्रीमती नम्रता आनंद डोंगरे, टेबल क्रमांक 25 से 30 तक के लिए डिप्टी कलेक्टर श्रवण कुमार टंडन, टेबल क्रमांक 31 से 36 तक के लिए सहायक आयुक्त आबकारी दिनकर वासनिक, टेबल क्रमांक 37 से 42 तक के लिए जिला लो.शि.स.रायगढ़ के जिला परियोजना अधिकारी डी.के.वर्मा, टेबल क्रमांक 43 से 48 तक के लिए कार्यपालन अभियंता लोकनिर्माण विभाग आर.के.खामरा एवं रिटर्निंग आफिसर के टेबल के लिए उप संचालक रेशम एस.एस.कं वर शामिल है।

# गोदामों में अवैध धान संग्रहण की सूचना पर पुलिस की दबिश

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक रायगढ़ के दिशा निर्देशन मार्गदर्शन पर राजस्व एवं जिला पुलिस की अवैध धान के विरूद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। आज दिनांक 17.12.19 को पुलिस अधीक्षक महोदय रायगढ़ द्वारा गठित निरीक्षक आशीष वासनिक की विशेष टीम द्वारा गोदामों में अवैध रूप से संग्रहित किये गये धान होने की सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया। विदित हो कि पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा निरीक्षक आशीष वासनिक एवं निरीक्षक युवराज तिवारी के नेतृत्व में अलग-अलग टीमों का गठन किया गया हैं, जिनके द्वारा नाकेबंदी, पेट्रोलिंग एवं सूचनाओं पर कार्यवाही किया जा रहा है।








जानकारी के अनुसार आज टी.आई. वासनिक को सूचना मिली थी कि ग्राम कंठीपाली में कमल अग्रवाल तथा ग्राम बोंदा के यशवंत अग्रवाल द्वारा अपने गोदामों में अवैध रूप से धान संग्रहण किया गया है। सूचना पर उनकी टीम द्वारा दोपहर में एकसाथ इन गोदामों में

**» दो गोदामों से करीब 200 क्विंटल अवैध धान किया गया जप्त**

दबिश दिया गया जहां - (1) ग्राम कंठीपाली में कमल अग्रवाल पिता बाबूलाल अग्रवाल के गोदाम से अवैध रूप से रखा 100 कट्टा धान वजन 40 क्विंटल कीमत 72000 रूपये पकड़ा गया। वहीं (2) ग्राम बोंदा के यशवंत पिता गनपत अग्रवाल उम्र 48 वर्ष के बाल गोपाल ट्रेडिंग कंपनी गोदाम में अवैध रूप से संग्रहण किया हुआ 363 बोरे धान वजन 145 क्विंटल कीमत 2 लाख 63 हजार रुपये पकड़ा गया। इस प्रकार दोनों गोदाम से इस विशेष टीम द्वारा 185 क्विन्टल अवैध धान कीमत 335000 रुपये का पकड़ कर अग्रिम कार्यवाही हेतु सचिव कृषि उपज मण्डी बरमकेला के सुपुर्द किया गया, जहां मंडी अधिनियम के तहत संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी।

छापेमारी की इस टीम में प्रधान आरक्षक धनेश्वर उरांव थाना सरिया, प्रशांत पंडा सायबर सेल, पुष्पेन्द्र जाटवार थाना सारंगढ़ एवं श्याम प्रधान थाना सरिया विशेष रूप से संलग्न थे।

## एकजुट होकर कार्य करेंगी महिला सेल व शहर की महिला क्लब के सदस्य

**» महिलाओं के विरुद्ध चलाए जा रहे जन जागरण अभियान में आयेगी तेजी**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिला पुलिस महिला सुरक्षा को लेकर और अधिक गंभीर व सक्रिय हो गई है। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा महिला सुरक्षा के लिए पुलिस महिला रक्षा टीम को शहर की महिला क्लब के सदस्यों के साथ भी जन जागरण अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया है जिस संबंध में आज उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती गरिमा द्विवेदी द्वारा पुलिस महिला रक्षा टीम, थानों में कार्यरत महिला डेस्क की महिला स्टाफ तथा शहर के विभिन्न महिला क्लब सदस्यों की संयुक्त रूप से मीटिंग ली। मीटिंग में मीटिंग में डीएसपी श्रीमती द्विवेदी द्वारा महिला क्लब के सदस्यों को बताई की जिले के पुलिस अधीक्षक महिला/बच्चों के अपराधों को लेकर संवेदनशील है उनके द्वारा महिला उत्पीड़न के मामलों पर तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश सभी थाना/चौकी प्रभारियों को दिया गया है। छोटे बच्चों पर हो रहे अपराध चिंतनीय हैं इसके रोकथाम के



लिए हमसब को एकजुट होकर कार्य करना होगा। इस संबंध में आपके पास भी कोई अच्छा सुझाव हो तो हमें देवें। लायनेस क्लब की अध्यक्ष श्रीमती कविता अग्रवाल द्वारा मीटिंग में कहा गया कि यह अच्छी पहल है, महिलाओं पर हो रहे अपराधों पर तुरंत कार्यवाही होना चाहिए, आरोपियों में पुलिस का भय दिखना चाहिए। डीएसपी गरिमा दिवेदी द्वारा कहा गया कि हमें हमारे आसपास के महिलाओं/बच्चों को यह विश्वास दिलाना होगा कि वे असुरक्षित नहीं है। उनके विश्वास मनोबल को बढ़ाने तथा यौन अपराधों की रोकथाम के लिए महिला सेल द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं, आप सभी के सहयोग की आवश्यकता होगी सब मिलजुलकर इस पर काम करेंगे। आप सभी अपने विभिन्न कार्यक्रमों में जन जागरूकता कार्यक्रम के लिये महिला सेल को बुलावें। मीटिंग में लायनेस क्लब रायगढ़ की श्रीमती कविता अग्रवाल, दिव्य शक्ति ग्रुप की श्रीमती कविता बेरीवाल, लायनेंस क्लब सिटी की श्रीमती किरण उरांव, इंटर व्हील स्टील की श्रीमती प्रेमलता अग्रवाल, इंटर व्हील सेंटर की श्रीमती सरोजनी निरानियां, अग्रवाल महिला क्लब की श्रीमती वंदना अग्रवाल, मित्र कला क्लब की अध्यक्ष श्रीमती पूजा अग्रवाल, जेसीटी से श्रीमती रेखा अग्रवाल तथा इन क्लब की श्रीमती संगीता शर्मा, श्रीमती सरोज अग्रवाल, श्रीमती एकता मोड़ा एवं पुलिस महिला रक्षा टीम की प्रभारी निरीक्षक संतोषी ग्रेस, महिला प्रधान आरक्षक मंजू मिश्रा, महिला आरक्षक अराधना आनंद, रोजमेरी, इंदु लता एक्का, तथा महिला डेस्क थाना कोतवाली से महिला प्रधान आरक्षक समुंद्र रनकर, थाना भूपदेवपुर से महिला प्रधान आरक्षक अरुणा चौरसिया एवं अन्य थाना/चौकी की महिला डेस्क में कार्यरत महिला आरक्षक उपस्थित थे ।

## शासन की ओर से राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अन्तर्गत बुजुर्गो के लिए परीक्षण शिविर का आयोजन

**» बुजुर्गो को चश्मा, श्रवण यंत्र, व्हीलचेयर एवं मिलेगी बैशाखी**



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** शासन की ओर से राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अन्तर्गत आज निःशक्तजन पुनर्वास केन्द्र जतन में वरिष्ठ नागरिकों के लिए परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीपीएल श्रेणी के बुजुर्ग नागरिकों का परीक्षण किया गया। इस आधार पर उन्हें चश्मा, श्रवण यंत्र, दांत, व्हीलचेयर, बैशाखी आदि उपलब्ध कराया जाएगा। भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम भारत सरकार की पेनल टीम में डॉ.संकेत कुमार राउत के नेतृत्व में यह परीक्षण किया गया। 16 दिसम्बर को 75 एवं 17 दिसम्बर को 342 वृद्धों का परीक्षण किया गया। लैलूंगा विकासखण्ड के ग्राम बसंतपुर के श्रीमती रैतियो पैकरा ने कहा कि यह परीक्षण शिविर एक सेवा के समान है जिसमें उनकी समस्याओं का निदान हो सकेगा। बसंतपुर के ही सुखलाल यादव ने कहा कि वृद्धावस्था में कई तरह की तकलीफ होती है जिनमें चलने-फिरने में परेशानी होती है ऐसे में बुजुर्गो को व्हीलचेयर, बैशाखी एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सराहनीय है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर सुश्री अभिषाला पैकरा, सहायक कलेक्टर रमेश साहू, प्रोव्हेशन अधिकारी विवेक तिवारी, नेत्र सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉ.हितेश जायसवाल सहित बड़ी संख्या में वृद्धजन उपस्थित थे।

## मतगणना कार्य के लिए गणना पर्यवेक्षक और गणना सहायक को दिया गया प्रशिक्षण

**» 53 गणना पर्यवेक्षक एवं 106 गणना सहायकों की लगाई गई है ड्यूटी**



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2019 के सफलता पूर्वक संचालन के लिए पालीटेक्निक कालेज में मतगणना कार्य के लिए आज दोपहर 2 से 5 बजे तक गणना पर्यवेक्षक और गणना सहायक को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिले में नगर पालिका निगम क्षेत्र के 48 वार्ड के लिए मतपत्रों की मतगणना 24 दिसम्बर को केआईटी कालेज गढ़उमरिया में होगी। मतगणना कार्य के लिए कुल 53 गणना पर्यवेक्षक और 106 गणना सहायक को ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही 10 प्रतिशत रिजर्व के रूप में अधिकारी कर्मचारी को रखा गया है।

जिला स्तर के मास्टर ट्रेनर राजेश डेनियल ने बताया कि मतगणना कार्य के लिए केआईटी कालेज गढ़उमरिया में 48 वार्ड के लिए मतगणना होगी और नगरीय निकाय मुख्यालय में धरमजयगढ़, पुसौर, खरसिया, लैलूंगा, किरोड़ीमल नगर, सरिया, बरमकेला, घरघोड़ा अपने-अपने नगरीय निकाय क्षेत्र में मतगणना होगी। केआईटी कालेज गढ़उमरिया में मतगणना के लिए चार हाल में 12-12 टेबल लगाया जाएगा 6-6 टेबल की दो कतारें बनाई जाएगी। प्रत्येक टेबल पर एक गणना पर्यवेक्षक और दो गणना सहायक होंगे।

## पुलिस की मौजूदगी और प्रभाव लोगों को दिखे- पुलिस अधीक्षक

**» लगातार दूसरे दिन भी पुलिस ने फुट पट्रोलिंग के जरिये फ्लैग मार्च**





**न्याय साक्षी/रायगढ़।** नगरी निकाय चुनाव 2019 में मतदान तिथि निकट आने के साथ ही सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस की पेट्रोलिंग प्रभावशील है। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा जिले में शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए सभी थाना/चौकी प्रभारियों को बदमाशों, संदिग्धों तथा वारंटियों पर ठोस कार्यवाही करने तथा चुनाव दौरान शांति भंग करने वालों पर निगाह रखते हुए प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही पुलिस अधीक्षक सिंह द्वारा थाना/चौकी प्रभारियों को कहा गया है कि शहर तथा तहसीलों में पुलिस की मौजूदगी दिखे और अधिक से अधिक संदिग्धों एवं असामजिक तत्वों पर कार्यवाही करें जिससे पुलिस का प्रभाव देखा जा सकें।

चुनाव के मद्देनजर कल दिनांक 16.12.2019 को जिला मुख्यालय तथा तहसीलों में उपलब्ध पुलिस बल द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया था। आज दिनांक 17.12.2019 को शहर में पैदल पेट्रोलिंग कर आमजन को शांति व्यवस्था के साथ निष्पक्ष चुनाव होने का संदेश दिया गया। कोतवाली क्षेत्र में रिजर्व पुलिस इंस्पेक्टर अमरजीत खूंटे, नगर कोतवाल एस.एस.सिंह, रूपक शर्मा रिजर्व बल एवं अपने थाने के बल के साथ एसपी ऑफिस से शाम 6:00 बजे पैदल पेट्रोलिंग निकले जो शहर के विभिन्न चौक चौराहों से होते हुए वापस एस.पी. आफिस पहुंचा। वहीं चक्रधरनगर टीआई विवेक पाटले एवं जूटमिल टीआई निरीक्षक अंजना केरकेट्टा द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्र में उपलब्ध बल के साथ फूट पेट्रोलिंग निकाला

## पार्क/गार्डन को छोड़ सुनसान में बैठे मिले आधा दर्जन लड़के-लड़कियों को महिला सेल की पेट्रोलिंग ने पकड़ा

**» कड़ी समझाइश के बाद पेरेंट्स को बुलाकर छोड़ा गया**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** महिला बच्चों की सुरक्षा को लेकर कटिबद्ध छत्तीसगढ़ पुलिस के पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को महिला एवं बच्चों की सुरक्षा को लेकर महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए हैं। महिला एवं बच्चों के अपराधों को लेकर संवेदनशील जिले के पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा पुलिस महिला रक्षा टीम को जागरूकता कार्यक्रम के साथ ही



शहर में बच्चों एवं महिलाओं के भीड़-भाड़ इलाकों में सुबह शाम पेट्रोलिंग करने एवं रात्रि गार्डन/पार्क तथा चिन्हित किए गए स्थान जहां युवा अक्सर देखे जाते हैं। उन स्थानों में पेट्रोलिंग सघन किए जाने के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन पर पुलिस महिला रक्षा टीम के कुछ सदस्य सुबह शहर के स्कूल, कॉलेज, छात्रावास के समीप पेट्रोलिंग की जाती है तथा शाम - रात्रि में महिला सेल के स्टाफ सिविल ड्रेस में पार्क/गार्डन के आसपास पेट्रोलिंग पर रहते हैं।

आज दिनांक 16.12.19 के शाम पुलिस महिला रक्षा टीम की प्रधान आरक्षक मंजू महिला आरक्षक आराधना, रोजमेरी, इंदुलता द्वारा मेरिन ड्राइव, पुष्प वाटिका, डिग्री कालेज के पास कमला नेहरू व सुनसान जगहों पर पेट्रोलिंग किया जा रहा था इसी दरमियान सुनसान इलाके में पार्क के बाहर करीब आधा दर्जन से अधिक लड़के लड़कियां बैठे मिले। सर्वप्रथम महिला प्रधान आरक्षक मंजू मिश्रा द्वारा लड़के लड़कियों का नाम पता पूछकर रजिस्टर में एंट्री करने लगी जिस पर लड़के लड़कियां सकते में आ गए। महिला प्रधान आरक्षक मंजू मिश्रा द्वारा लड़कियों को समझाया गया कि सुनसान इलाके में अपनी सुरक्षा को लेकर सचेत रहें, जहां कहीं भी जावे अपने अभिभावकों को इसकी जानकारी देवें। कुछ लडके- लडकियां महिला प्रधान आरक्षक की बात को अनसुना कर रहे थे जिस पर स्टाफ द्वारा उनके अभिभावकों को बुलाने के लिए कहा गया और उनके अभिभावकों के आने पर उनके सामने कड़ी समझाइश के बाद उन्हे अभिभावकों के साथ जाने छोड़ा गया।

## शासन की पहल पर स्मार्ट डिजिटल क्लासरूम में बच्चों को मिलेगी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

**» शिक्षा की मुख्यधारा से शाला त्यागी बच्चों को जोडने् की दिशा में कारगर कदम**

**» डिजिटल लर्निंग के माध्यम से बच्चों की जिज्ञासाओं का किया जाएगा समाधान**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** शासन की पहल पर आज शासकीय प्राथमिक शाला विजयपुर में डिजिटल स्कूल के लिए डिटिजल क्लासरूम प्रोजेक्ट की शुरूआत की गई। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर संवित मिश्रा, प्राचार्य ओपी जिंदल आर.के.त्रिवेदी एवं अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर सहायक कलेक्टर संवित मिश्रा ने डिजिटल क्लासरूम का उद्घाटन किया।

सहायक कलेक्टर संवित मिश्रा ने कहा कि डिजिटल क्लास रूम शिक्षा का उत्तम माध्यम है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि कालेज में पढ़ाई एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दौरान आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए पढ़ाई करने का मौका मिला, जिसके अच्छे परिणाम रहे। उन्होंने कहा कि जो शिक्षा एवं बातें दृश्यात्मक रूप में हमें दिखाई देती है, उससे हम ज्यादा समझ पाते है। उन्होंने बच्चों से कहा कि इंटरनेट शक्ति युग एवं डिजिटल लर्निंग का फायदा उठायें और सीखते रहें।

प्राचार्य ओपी जिंदल स्कूल आर.के.त्रिवेदी ने कहा कि हमारे जिले के चुनिंदा विद्यालयों में से इस विद्यालय का चुनाव किया गया है इसलिए ये बच्चे भाग्यशाली है। छतीसगढ़ शासन की पहल पर ह्यूमाना पीपल टू पीपल इंडिया एवं माइक्रोसाफ्ट के प्रयासों से शिक्षा के लिए डिजिटल क्लास रूम आरंभ किया गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480